कार्यालय नाजरात अनुभाग दीवानी न्यायालय भदोही ज्ञानपुर।

नीलामी सूचना 2021—2022 के अवशेष अवधि के लिए

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरपतहा स्थित दीवानी न्यायालय परिसर में स्थित साइकिल स्टैण्ड एवं पुराने न्यायालय परिसर में स्थित रोड की तरफ की दुकानों की नीलामी दिनांक **18.08.2021 को अपराह्न समय 1.30 बजे से होगी, स्थान मीटिंग हाल सरपतहा दीवानी न्यायालय भदोही ज्ञानपुर।**

समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2021—2022 की अवशेष अवधि के लिए नीलामी के सम्बन्ध में निम्न शर्ते निश्चित की गयी है जो दिनांक 20.08.2021 से लागू होगी :—

1— जो धनराशि आवंटन हेतु निश्चित की गयी है निर्धारित धनराशि का दस प्रतिशत जमा करने पर बोली बोलने का हकदार होगा।

2— यह कि सर्वोच्च बोली बोलने वाले व्यक्ति की बोली स्वीकृत होने पर उन्हे तत्काल सम्पूर्ण नीलामी की धनराशि में से 25 प्रतिशत धनराशि जमा करनी होगी तथा अवशेष धनराशि तीन माह के अन्दर जमा करनी होगी।

3— स्वीकृत बोली वाले व्यक्ति द्वारा बोली की शर्तो के क्रम में धनराशि अदा नही की जाती है तो जमानत राशि व अन्य धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

4— आवंटी द्वारा पूर्व में दी गयी धनराशि 1/4 देय धनराशि में समायोजित होगी ।

5— जिन आवेदकों का आवंटन उनके पक्ष में नही होगा उनकी धरोहर धनराशि नीलामी कार्यवाही तिथि के दूसरे दिन नियमानुसार वापस होगा।

6— जिन आवटियों को पूर्व में नीलामी द्वारा आवंटन किया गया है उनके द्वारा नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि न्यायालय में जमा नही किया गया है ऐसें आवंटी इस नीलामी की कार्यवाही में भाग लेने के हकदार नही होगें।

7— सभी नीलामी प्राप्तकर्ता अपने नियत स्थान का ही उपयोग करेंगे तथा परिसर में घूम—घूम कर व्यवसाय नही करेंगे तथा स्वच्छता का ध्यान रखेंगें।

8— नीलामी की न्यूनतम धनराशि माह अप्रैल—2021 से जून—2021 की अवधि का घटाते हुए विवरण निम्नवत् अंकित किया गया है।

सरपतहा स्थित न्यायालय परिसर

क0सं0	नाम	नीलामी आवंटन हेतु बोली प्रारम्भ की निश्चित धनराशि	धनराशि का दस प्रतिशत जमानत राशि के रूप में जमा किया जायेगा
1	साइकिल स्टैण्ड	180000 —45000=**135000**	

पुराने न्यायालय के मुख्य परिसर में रोड की तरफ स्थित दुकानें

दुकान संख्या	दुकान का नाम	नीलामी आवंटन हेतु बोली प्रारम्भ की निश्चित धनराशि	धनराशि का दस प्रतिशत जमानत राशि के रूप में जमा किया जायेगा
2	बाटी	24000 —6000=**18000**	
5	भुजा की दुकान	17480 —4370=**13110**	
6	बाटी की दुकान	29250—7312.50=**21937.50**	
8	लिटटी बाटी	30950 —7737.50=**23212.50**	
13	चाय पकौडी	40700—10175=**30525**	

(आरिफ अहमद अंसारी)
सदस्य नीलामी समिति,
सिविल जज सी0डि0
भदोही ज्ञानपुर

(आलोक कुमार यादव)
सदस्य नीलामी समिति,
अपर जिला जज/एफ0टी0सी0
भदोही ज्ञानपुर ।

Anand Prakash
(आनन्द प्रकाश)
अध्यक्ष नीलामी समिति,
अपर जिला जज कोर्ट सं0 2
भदोही ज्ञानपुर ।

1—उपरोक्त सूचना सर्वजनिक स्थानों पर चस्पा की जाय ।
2—जनसूचना कार्यालय भेजी जाय ।
3— नगर पंचायत, व नगर पालिका कार्यालय प्रेषित की जाय ।
4— माननीय उच्च न्यायालय व सिविल कोर्ट भदोही के बेबसाइड पर नीलामी सूचना अपलोड हो।